आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 12.09.2096 समय : 02.10PM

**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन**

18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आज दोपहर नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। दो दिन के इस सम्मेलन में 11 पूर्ण सदस्य देश और 10 साझेदार देशों सहित कुल 21 देश हिस्सा ले रहे हैं। 11 पूर्ण सदस्य देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया शामिल है। जबकि बेलारूस, बोलीविया, कजाखस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम साझेदार देशों के रूप में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में वैश्विक शासन, बहुपक्षवाद, व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

**प्रधानमंत्री द्विपक्षीय बैठकें**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से अलग इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. आबी अहमद अली के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच यह चर्चा द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने के उद्देश्य से हुई।

**लोक अदालत**

आज प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लंबित और राजीनामा योग्य मामले आपसी सहमति से निराकरण के लिए रखे जा रहे हैं। भोपाल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर भोपाल में लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यहां 57 खंडपीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल के सचिव न्यायाधीश सुनीत अग्रवाल ने बताया–

**पुस्तक विमोचन**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के जीवन शैली पर आधारित पुस्तक का विमोचन कल विधानसभा भोपाल में किया गया। वरिष्ट पत्रकार कृष्ण मोहन झा द्वारा लिखी गई इस पुस्तक में डॉक्टर मोहन भागवत के व्यक्तिगत विचारों एवं उनके राष्ट्र व समझ के प्रति अनुशासित व्यक्तित्व का संपूर्ण गाथा का उल्लेख है। पुस्तक के बारे में वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण मोहन झा ने बताया–

**हॉकी**

महिला जूनियर एशिया कप हॉकी में भारत ने फाइनल में जगह बना ली है। चीन के मोकी में खेले गए पहले सेमीफाइनल में भारत ने दक्षिण कोरिया को पांच–एक से हराया। भारत की ओर से सुप्रिया ने हैट्रिक लगाई, जबकि मधु और सुखवीर कौर ने एक–एक गोल किया। दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान चीन का सामना जापान से होगा।

**क्रिकेट टी–20 एशिया कप**

महिला एशिया कप क्रिकेट में दुबई में कल भारतीय टीम फाइनल में पिछले चौंपियन श्रीलंका से भिड़ेगी। श्रीलंका की टीम कल पाकिस्तान को चार विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गई। 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम ने 4 विकेट खोकर 8 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

**मौसम**

प्रदेश में तीन-चार दिन के ब्रेक के बाद मानसून फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने आज उज्जैन, धार सहित प्रदेश के 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, मानसूनी सिस्टम के असर से अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

**कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति अल्पेश यशवंत कोगजे ने कल जबलपुर में पदभार ग्रहण कर लिया।
- नर्मदापुरम जिले के स्कूली बच्चों ने स्थानीय शिल्पकारों के साथ मिलकर प्राकृतिक मिट्टी से 500 से अधिक गणेश प्रतिमाएं तैयार की हैं
- मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति व आगरमालवा जिला एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वाधान में कल एचआईवी-एड्स पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई ।

..............................